Subject - Psychology
class - UG, Sem - III ( )
Topic - Level of Measurement - Nominal, Ordinal, Interval and Ratio.
Unit - 01, Fundamental of Statistics.
Date -
Name - Dr. Shyam Sundar Sharma.

Ques :- क्रमागत (ordinal) मापन स्तर क्या है? उदाहरण सहित समझाइए।

Ans :- क्रमागत मापन स्तर एक ऐसा मापन है जिसमें व्यक्तियों, वस्तुओं या घटनाओं को किसी विशेष गुण के आधार पर क्रम (Rank) में रखा जाता है। जिसमें यह बताया जाता है कि कौन पहले, दूसरे या तीसरे स्थान पर है और उनके बीच अंतर कितना है यह स्पष्ट नहीं हो पाता है।

* क्रमागत स्तर (Ordinal Level) की विशेषताएँ :-

क्रमागत स्तर (Ordinal Level) की प्रमुख विशेषता निम्न प्रकार है -

(1) इसमें व्यक्तियों या वस्तुओं को क्रम में रखा जाता है। और क्रमानुसार व्यवस्थित किया जाता है।

(2) इसमें अधिक - कम का बोध होता है लेकिन अंतर की मात्रा का पता नहीं चलता है।

(3) इसमें शून्य (zero) का कोई वास्तविक अर्थ नहीं होता है।

(4) इसमें क्रम बदलने से अर्थ भी बदल जाता है। इत्यादि।

जैसे - परीक्षा में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान।
कक्षा में छात्रों का रैंकिंग

प्रतियोगी परीक्षाओं में 1st, 2nd and 3rd.
गरीब, मध्य और अमीर वर्ग,
व्यक्ति में स्वास्थ्य- उच्च, मध्य और निम्न,

क्रमागत स्तर (Ordinal Level) का मनोविज्ञान में उपयोग :-

मनोविज्ञान में इसका निम्न उपयोग है:—
(1) छात्रों की शैक्षिक उपलब्धि की रैंकिंग
(2) अभिरुचि या रुचि बताने में।
(3) प्रदर्शन के तुलनात्मक अध्ययन में। तथा
(4) चयन और वर्गीकरण कार्यों में।

निष्कर्षतः हम कह सकते हैं कि क्रमागत मापन स्तर में सिर्फ क्रम की जानकारी मिलती है, न की मात्रा या अंतर का लेकिन फिर भी मनोविज्ञान में इसका काफी महत्व है।